<u>बीएचईएल को गुजरात में 1x800 मेगावाट उकाई सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए बड़ा ऑर्डर प्राप्त हुआ</u>

नई दिल्ली, मार्च 21: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने गुजरात के तापी जिले में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) आधार पर 1x800 मेगावाट उकाई सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (यूनिट -7) स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के तहत, जीएसईसीएल द्वारा बीएचईएल को यह ऑर्डर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि, प्रस्तावित इकाई मौजूदा ऐश डाइक क्षेत्र पर स्थापित की जाएगी। परियोजना में बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में ईपीसी पैकेज के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ-साथ सभी आवश्यक विद्युतीय, सिविल और संरचनात्मक कार्य भी शामिल हैं। कंपनी के कार्यक्षेत्र में अत्यधिक कुशल उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल है।

गौरतलब है कि, उकाई में पहली थर्मल यूनिट भी 1976 में बीएचईएल द्वारा ही स्थापित की गई थी, जो दोनों कंपनियों के बीच दशकों की सफल साझेदारी का प्रतीक है।

भारत के अग्रणी बिजली उपकरण निर्माता के रूप में, देश भर में 1,70,000 मेगावाट से अधिक यूटिलिटी विद्युत क्षमता स्थापित करने के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, बीएचईएल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के देश के लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*****